# सरकारी जमीन पर कब्जा करना है तो आइए विदिशा





**खास बातें**

- यहां पर आसानी से हो जाता है सरकारी जमीन पर कब्जा
- कागजों में हेराफेरी कर किया जाता है कब्जा
- नया मामला होमगार्ड की सरकारी जमीन का आया
- होमगार्ड की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप, तहसीलदार ने कराया सीमांकन

नवभारत न्यूज

**विदिशा 8 मई,** शहर और उसके आसपास सरकारी या विवादित जमीन खाली पड़ी है उस पर कब्जा करना भले ही दूसरी तहसील या दूसरे में नामुकिन है लेकिन विदिशा शहर और उसके आसपास की सरकारी या फिर विवादों से घिरी जमीन पर आसानी कब्जा किया जा सकता है. पहले जहां बिजली कंपनी की जमीन पर कब्जा कर सड़क डाल दी गई थी तो उसके बाद ईदगाह के पास नहर की जमीन पर इमारते तन गई हैं. अब नया मामला होमगार्ड की जमीन का सामने आया है. जहां पर एक किसान व कथित कालोनाईजर ने इस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया. मामला सामने आने के बाद राजस्व विभाग ने जमीन की नप्ती का काम शुरू कर दिया है. फिलहाल जमीन होमगार्ड की है और उस पर बाउंड्री वाल का निर्माण हो चुका है. भोपाल डीजी से मिले निर्देश के बाद जमीन की नप्ती और सीमांकन का काम किया जा रहा है. वहीं इस मामले में कलेक्टर ने भी जांच के निर्देश दिए हैं.

काला पाठा क्षेत्र स्थित मजिस्ट्रेट कॉलोनी के पास होमगार्ड विभाग की जमीन पर कथित कॉलोनाइजर द्वारा अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है. शुक्रवार को तहसीलदार प्रीति पंथी राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचीं और जमीन की नपती कराई. साथ ही संबंधित कॉलोनाइजर को नोटिस भी जारी किया गया है. सीमांकन की कार्रवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा.

## गोस्वामी ने लगाया आरोप : तहसील में बिना पैसों के नहीं होता कोई काम

गोस्वामी ने बताया कि इस मार्ग से करीब 17 किसान अपनी जमीन पर हकाई-जुताई के लिए निकलते हैं. किसानों के आवागमन को देखते हुए होमगार्ड विभाग ने उक्त जमीन छोड़ी थी. उनका कहना था कि विभाग ने केवल सुरक्षा की दृष्टि से दीवार उठाने के लिए कहा था। गोस्वामी ने तहसीलदार के सामने ही तहसील कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील में कोई भी काम वगैर पैसों के नहीं होता है नामांतरण के दस हजार रुपये फिक्स हैं इसके सबूत भी दूंगा. होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक जैन ने बताया कि वहां पहले से निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन जब ठेकेदार द्वारा विभाग की भूमि पर निर्माण कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया तो इसकी लिखित शिकायत तहसीलदार को की गई. उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग की ओर से किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी गई है. जानकारी लगते ही प्रशासन को शिकायत कर दी गई थी. वहीं सीहोर की डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नीलमणि लड़िया ने बताया कि भोपाल स्थित डीजी कार्यालय से मामले की जांच के निर्देश उन्हें मिले हैं. फिलहाल सीमांकन की कार्रवाई जारी है, इसलिए अभी कुछ भी स्पष्ट कहना मुश्किल है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## शिकायत मिली थी कलेक्टर से मिले निर्देश के बाद जांच की जा रही है

तहसीलदार प्रीति पंथी ने बताया कि कलेक्टर द्वारा व्हाट्सएप पर एक लोकेशन भेजी गई थी, जिसमें सरकारी जमीन पर बाउंड्री वॉल बनाकर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत थी. कलेक्टर के निर्देश पर ही राजस्व अमला मौके पर पहुंचा है. उन्होंने कहा कि फिलहाल नपती का कार्य जारी है और रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंन बताया तत्कालीन तहसीलदार अजय पाठक ने काम रूकवा दिया था. उसके बाद दोवार से काम शुरू हो गया और अब निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है. गोस्वामी ने जो आरोप लगाए हैं वह सबूत दें तो कार्यवाही की जाएगी.



# चोरी का खुलासा कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**विदिशा, थाना गंजबासौदा शहर पुलिस ने सूने मकान में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 4.50 लाख कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 25 ग्राम सोने के जेवरात एवं चांदी के आभूषण जब्त किए हैं.**

प्रकरण में फरियादी दिनेश उर्फ रिक्की जैन निवासी चंद्रप्रभु नगर गंजबासौदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 अप्रैल की रात वह अपने छोटे भाई की शादी में शामिल होने सिरोंज गए थे. घर पर ताला लगा था. अगले दिन पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे हुए हैं. घर पहुंचने पर सामान बिखरा मिला तथा अलमारी और पेटी में रखे जेवरात एवं नगदी चोरी हो चुकी थी. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी लोकेश रैकवार एवं धर्मेन्द्र रैकवार निवासी फ्रीगंज बासौदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की. दोनों आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया. कार्रवाई में उनि गौरव रघुवंशी सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## आज होगी विशाल भजन संध्या

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** प्राचीन श्री रामकृष्ण मंदिर माधवगंज की पुन: प्राण प्रतिष्ठा की आठवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्री गिरिराज मंडल विदिशा द्वारा 9 मई, शनिवार को शाम 7 बजे जय प्रकाश मंच माधवगंज पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम संयोजक रवि साहू ने बताया कि भजन संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध सुर सम्राट दिनेश भट्ट अपनी पूरी मंडली के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे. कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी और संगीत प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संगीत क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले मानस प्रेमी श्याम स्वरूप पाठक, गम्मत गायक घनश्याम महाराज एवं वायलिन वादक जनाब रईस अहमद (आजाद) का सम्मान भी किया जाएगा.



## पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवभरत न्यूज

**विदिशा,** अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा अंडरटेकिंग श्री पटवा वैश्य समिति मप्र पंजीकृत संस्था द्वारा पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन और प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना में पटवा समाज को सम्मिलित करने की मांग को लेकर प्रदेश पदाधिकारी ब्रह्मानंद शशांक पटवा की उपस्थिति में पटवा समाज प्रतिनिधि मंडल ने विधायक मुकेश टंडन से मुलाकात कर पटवा समाज की वर्तमान परिस्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा. विधायक ने प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव से पटवा समाज कल्याण बोर्ड बनाने की अनुशंसा करने का आश्वासन दिया. इस दौरान पर जिला अध्यक्ष अतुल पटवा, उमाचरण पटवा, पंचम लाल पटवा, मोहन पटवा , राजेश पटवा, अमित पटवा उपस्थित रहे.

## 12 किलो गांजा और मोटर साइकिल सहित दो तस्करों को दबोचा

- 2 .50 लाख का मशरूका जब्त



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना देहात गंजबासौदा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 12.03 किलोग्राम गांजा और एक मोटरसाइकिल सहित कुल 2.50 लाख का मशरूका जब्त किया है. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थ, शराब और हथियारों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भल्लावी के मार्गदर्शन में थाना देहात गंजबासौदा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई की. पुलिस ने आरोपी अतुल पाठक निवासी राजेंद्र नगर गंजबासौदा के कब्जे से 6.02 किलोग्राम गांजा कीमत करीब 90 हजार जब्त किया. वहीं आरोपी अमित अहिरवार निवासी ग्राम खजूरी थाना गुलाबगंज से 6.01 किलोग्राम गांजा कीमत 90 हजार एवं मोटरसाइकिल बरामद की गई. दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है. कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज दुबे, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित पुलिस एवं साइबर शाखा टीम की भूमिका रही.

## 10 मई से शुरू होगा 'बेतवा नदी पुनर्जीवन अभियान', श्रमदान से संवारेंगे उद्गम स्थल

नवभारत न्यूज

**विदिशा, बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने और नदी को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से बेतवा अध्ययन एवं जनजागरण समूह द्वारा 10 मई से 16 मई तक ग्राम झिरी ( जिला रायसेन, कोलार रोड ) में 'बेतवा नदी पुनर्जीवन अभियान' चलाया जाएगा. अभियान में बड़ी संख्या में पर्यावरण कार्यकर्ता, नदी-प्रेमी और सामाजिक संस्थाएं श्रमदान करेंगी.**

समूह द्वारा बताया गया कि पिछले तीन वर्षों से जनसहभागिता आधारित यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है. इस वर्ष भी भोपाल, रायसेन, विदिशा, गंजबासौदा, सीहोर, इंदौर और अन्य स्थानों से प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमी अभियान में शामिल होंगे.

### जनजागरण यात्रा से शुरू हुआ अभियान

बेतवा अध्ययन एवं जनजागरण समूह ने वर्ष 2023 में बेतवा नदी के बढ़ते प्रदूषण और खराब होती स्थिति को लेकर सात दिवसीय अध्ययन एवं जनजागरण यात्रा आयोजित की थी. यह यात्रा बेतवा नदी के उद्गम स्थल झिरी ग्राम से कुरवाई तक निकाली गई थी, जिसमें नदी किनारे बसे गांवों, कस्बों और शहरों में विद्यार्थियों, ग्रामीणों और प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कर जागरूकता फैलाई गई थी.

## समय से पहले जनगणना कार्य पूरा करने वाले कर्मचारियों का किया सम्मान



नवभारत न्यूज

**सांची.** एक मई से प्रारंभ हुए मकान जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा 30 मई से लगभग एक सप्ताह पहले पूर्ण करने पर जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों का नगर परिषद कार्यालय में सम्मान किया गया. कर्मचारियों को प्रमाण पत्र एवं पुष्पमालाएं प्रदान कर उनकी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई. जानकारी के अनुसार देशभर में चल रहे मकान जनगणना अभियान के तहत कर्मचारियों को घर-घर जाकर गणना कार्य करना था. भीषण गर्मी और तेज लू के बावजूद कर्मचारियों ने पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य को समय से पहले पूर्ण कर प्रशासन को जानकारी दी. सम्मान समारोह में एसडीएम मनीष शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की भीषण गर्मी में घर-घर जाकर कार्य करना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन कर्मचारियों ने जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है. उन्होंने बताया कि एक महिला कर्मचारी छोटे बच्चे को साथ लेकर लगातार कार्य करती रहीं और सबसे पहले अपना कार्य पूरा किया, जो अत्यंत प्रेरणादायक है. वहीं कई कर्मचारी स्वास्थ्य समस्याओं और पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद पूरी निष्ठा से कार्य में जुटे रहे. एसडीएम श्री शर्मा ने कहा कि शासन के महत्वपूर्ण कार्यों को इसी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाना चाहिए. नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि जब लोग गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलने से बच रहे थे, तब कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर जनगणना कार्य पूरा किया, जो प्रशंसनीय है. सीएमओ रामलाल कुशवाह ने सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन राजीव श्रीवास्तव ने किया. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, सीएमओ रामलाल कुशवाह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. सम्मानित कर्मचारियों में ऊषा सराठे, मेघा पाटिल, मुकुंद जोधवानी, पूनम सेन, त्रिपति शर्मा, रामवीर सिंह, प्रदीप कुमार प्रजापति, सत्यनारायण मीणा, संपूर्णा चतुर्वेदी, शकुंतला मोहकर, रैनू तिवारी, कुलदीप सिंह, ज्योति डाबरे, संजीव काकोरिया, दुर्गेश, नंदनी दुबे, शारदा मालवीय एवं गौरीशंकर अहिरवार शामिल रहे.

## विधायक मुकेश टंडन ने 31 .22 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण



- कोदिया पंचायत में सामुदायिक भवन और आंगनवाड़ी भवन जनता को समर्पित
- गूलरखेड़ी जनसुनवाई में मौके पर किया समस्याओं का निराकरण

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज, ग्राम पंचायत इकोदिया में विधायक मुकेश टंडन के मुख्य आतिथ्य में 31 लाख 22 हजार रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया. इस दौरान ग्राम खजुरिया खेड़ा में विधायक निधि से 20 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन एवं 11 लाख 22 हजार रुपए की लागत से निर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया गया.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र और आंगनवाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया, इसलिए उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई ताकि ग्रामीणों को आयोजनों और सामाजिक कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े. इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विधायक का स्वागत एवं सम्मान किया गया.

### जनसुनवाई में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी में विधायक मुकेश टंडन की मौजूदगी में जनसुनवाई का आयोजन भी किया गया. जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी, जनपद सीईओ, खंड चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य विभाग, जल निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे. विधायक ने मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण कराया. इसमें पार्वती बाई की वृद्धा पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड संबंधी समस्या एवं पेयजल समस्या का समाधान प्रमुख रहा. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग, जनपद सदस्य सचिन यादव, सुरभि अहिरवार, मुकेश चौकसे, सरपंच संजय लोधी, बलवीर दांगी, सुमन महेंद्र दांगी, रामराज दांगी, ओमप्रकाश घावरी, आकाश खत्री, खुमान सिंह रघुवंशी, ओमकार सिंह दांगी, लाखन सिंह दांगी, रवि अहिरवार, मचल अहिरवार, धर्मेंद्र दांगी, भाजपा नेता नेतराम दांगी, आकाश कटारे, पीयूष शर्मा, सचिव जितेंद्र रघुवंशी, जगदीश तिवारी, राजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.


विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.


संगोष्ठी

**विशेषज्ञों ने कहा-रक्त की कुंडली मिलाने से रोकी जा सकती है बीमारी**

# थैलेसीमिया रोकथाम के लिए शादी से पहले रक्त जांच जरूरी : जैन




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विश्व थैलेसीमिया जागरूकता दिवस के अवसर पर आईएपी विदिशा, शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज विदिशा एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारी की रोकथाम, जांच और उपचार पर विस्तार से चर्चा की गई.

आईएपी विदिशा के अध्यक्ष एवं केंद्रीय आईएपी एग्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्य डॉ. एम.के. जैन ने कहा कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक और गंभीर रक्त विकार है, जिसमें शरीर पर्याप्त रक्त नहीं बना पाता. ऐसे बच्चों को हर 15 से 20 दिन में जीवनभर रक्त चढ़ाना पड़ता है. उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का चेहरा पीला पड़ जाता है, शरीर का विकास प्रभावित होता है, सांस फूलती है और लिवर व तिल्ली बढ़ जाती है.

डॉ. जैन ने कहा कि शादी के समय रक्त की कुंडली मिलाना बेहद जरूरी है. विवाह पूर्व एचपीएलसी जांच और काउंसलिंग के माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि वर-वधु थैलेसीमिया के वाहक हैं या नहीं. यदि दोनों वाहक हों तो उनके बच्चों में 25 प्रतिशत तक थैलेसीमिया होने का खतरा रहता है. ऐसे में जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी को रोका जा सकता है. उन्होंने कहा कि देश की लगभग 3 से 4 प्रतिशत आबादी थैलेसीमिया की वाहक है और वर्तमान में देश में करीब 1.5 लाख मरीज इस बीमारी से पीड़ित हैं. हर वर्ष लगभग 10 हजार नए मरीज जुड़ रहे हैं. इस वर्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस की थीम थैलेसीमिया को अब और न छिपाएं रखी गई है. आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज शिशु विभाग प्रमुख डॉ. नीति अग्रवाल ने कहा कि यह दिवस उन लाखों बच्चों और परिवारों को समर्पित है, जो हर 15-20 दिन में रक्त की एक बोतल के सहारे जीवन जी रहे हैं. उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया से अधिक खतरनाक इसकी जागरूकता का अभाव है.

डॉ. नीति अग्रवाल ने बताया कि यदि विवाह पूर्व जांच नहीं हुई हो तो गर्भावस्था के दौरान 10 से 12 सप्ताह में सीव्हीसी तथा 16 से 18 सप्ताह में एम्नियोसेंटेसिस जांच के जरिए गर्भस्थ शिशु में थैलेसीमिया का पता लगाया जा सकता है. आईएपी के वरिष्ठ सदस्य डॉ. शरद गेडाम ने कहा कि कॉलेज स्तर पर युवाओं की स्क्रीनिंग शुरू की जानी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को थैलेसीमिया मुक्त बनाया जा सके. उन्होंने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट इस बीमारी का एक उपचार है, लेकिन यह काफी महंगा है और सीमित स्थानों पर ही उपलब्ध है. आईएपी विदिशा के सचिव डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का जीवन रक्तदाताओं पर निर्भर रहता है. उन्होंने कहा कि एक बार का रक्तदान 3 से 4 बच्चों की जिंदगी में मुस्कान ला सकता है. संगोष्ठी में मेडिकल कॉलेज शिशु विभाग की पीजी स्टूडेंट डॉ. शिंपी ने भी थैलेसीमिया विषय पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की. कार्यक्रम में आईएपी सदस्य, आईएमए सदस्य, पीजी स्टूडेंट, पैरामेडिकल स्टाफ, मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित रहे.

## गंजबासौदा में संस्कृत संभाषण शिविर का समापन

- विद्वानों ने संस्कृत भाषा और संस्कृति के संरक्षण पर दिया जोर



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** संस्कृत भारती के तत्वावधान में प्राचीन मिल माता मंदिर में पिछले दस दिनों से चल रहे संस्कृत संभाषण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत भारती विदिशा जिलाध्यक्ष एवं कॉलेज विभाग के प्राध्यापक पं. मनोज चतुर्वेदी ने की. मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत भारती रायसेन जिलाध्यक्ष ब्रजभूषण तिवारी उपस्थित रहे. सारस्वत अतिथि के रूप में सुरेंद्र कुशवाह, विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती शिल्पांजना शर्मा, श्रीमती माया तिवारी एवं पं. गोपालकृष्ण शास्त्री उपस्थित रहे. शिविर में सम्मिलित विद्वानों ने संस्कृतमय वातावरण में अपनी प्रस्तुतियां संस्कृत भाषा में दीं. ब्रजभूषण तिवारी ने बताया कि संस्कृत भारती केवल भारत ही नहीं बल्कि वर्तमान में 27 देशों में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रही है. संस्था विभिन्न देशों में कार्यशालाएं, शिविर और अन्य कार्यक्रम आयोजित कर रही है. श्रीमती शिल्पांजना शर्मा ने कहा कि संस्कृत संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में बांधने का सामर्थ्य रखती है. सुरेंद्र कुशवाह ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने धन की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार संस्कृत और संस्कृति की रक्षा करना भी प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है. पं. मनोज चतुर्वेदी ने संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी बताते हुए इसके संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही. वहीं पं. गोपालकृष्ण शास्त्री ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति के बिना सनातन धर्म का अस्तित्व भी नहीं रह सकता. कार्यक्रम का संचालन मोहित शर्मा ने किया तथा आभार विनोद शर्मा ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में पं. अनिल चतुर्वेदी, गंगाराम शर्मा, भूपेंद्र सेन, महेंद्र चतुर्वेदी, अभिलाषा चतुर्वेदी, शकुन अग्रवाल, संगीता राजपूत, नेहा भार्गव, अनिता समीक्षा जैन, विपिन शर्मा, सौरभ सेन, घनश्याम आदि उपस्थित रहे.